# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

## माननीय प्रबन्ध परिषद की 63वीं बैठक दिनाँक 27 मार्च, 2026 का कार्यवृत्त

मानननीय प्रबन्ध परिषद की 63वीं बैठक दिनाँक 27 मार्च, 2026 को अपरान्ह् 12:00 बजे से सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् रही हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 त्रिवेणी दत्त, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद (ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया) | सदस्य |
| 3. | श्री रफीक अंसारी, मा0 विधायक | सदस्य |
| 4. | श्री रवीन्द्र, प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनु0 विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 5. | डा0 अनिल कुमार, सहायक महानिदेशक, आई0सी0ए0आर0, नई दिल्ली। (ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया) | सदस्य |
| 6. | श्री राकेश कुमार शर्मा, लाईव स्टाक ब्रीडर, मेरठ। | सदस्य |
| 7. | श्रीमती सुमन त्यागी, सामाजिक महिला कार्यकत्री, चांदपुर, बिजनौर। | सदस्य |
| 8. | श्री देवव्रत त्यागी, प्रगतिशील कृषक, मुजफ्फरनगर। | सदस्य |
| 9. | श्री सतीश कुमार, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 के प्रतिनिधि)। | सदस्य |
| 10. | डा0 सुधांशु सिंह, कृषि वैज्ञानिक (ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया) | सदस्य |
| 11. | श्री अशोक कुमार यादव, संयुक्त निदेशक, कृषि मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक कृषि, उ0प्र0 के प्रतिनिधि)। | सदस्य |
| 12. | डा0 मोनिका सिंह, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 13. | डा0 मानव, अपर निदेशक, पशुपालन, मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक पशुपालन, उ0प्र0 के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 14. | श्री पंकज कुमार चतुर्वेदी, वित्त नियंत्रक | सदस्य सचिव |

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष एवं वित्त नियन्त्रक, सदस्य सचिव द्वारा विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद के मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम माननीय कुलपति जी द्वारा मा0 सदस्यों के समक्ष स्वागत अभिभाषण दिया गया। माननीय कुलपति जी द्वारा अपने अभिभाषण में कहा कि कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में विभिन्न कार्यों को उ0प्र0 शासन के सहयोग से सम्पादित किये जायेगें। इसी क्रम में मा0 कुलपति जी द्वारा मुख्यतः निम्न बिन्दुओं पर विस्तार से Presentation के माध्यम से अवगत कराया गया:–



वित्त नियंत्रक/सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

1. Strategic Goals
2. 72-MOUs
3. Milestones
4. Infrastucture Facility
5. Income Expenditure
6. Zonal Research Stations (Nagina/Bulandsahar/Badaun)
7. Seed Production Farm and Processing Plant
8. Research Centers & Units (11)
9. Veterinary Clinic Complex
10. Research Project and Funding
11. Initiatives
12. Online Diploma-Worldlife Healtcare
13. New Colleges
    - (i) College of Agri-Buisness Management
    - (ii) College of Community Science
    - (iii) College of Basic Science & Huminities
    - (iv) College of Dairy Technology
14. Future Thurst Areas
15. Focused Thurst Arreas of Research

तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**प्रस्ताव संख्या 63.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 62वीं बैठक दिनाँक 19 सितम्बर, 2025 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 62वीं बैठक दिनांक 19 सितम्बर, 2025 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

(कार्यवाही: वित्त नियन्त्रक)

**प्रस्ताव संख्या 63.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 62वीं बैठक दिनाँक 19 सितम्बर, 2025 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**



वित्त नियंत्रक / सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

मा0 प्रबन्ध परिषद की 62वीं बैठक दिनांक 19 सितम्बर, 2025 के निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 63.3ः विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 96वीं बैठक दिनांक 18.02.2026 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृपया विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 96वीं बैठक दिनांक 18.02.2026 में लिये गये निर्णयों पर संकल्प संख्या–3 से इतर अन्य बिन्दुओं पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 96वीं बैठक दिनांक 18.02.2026 के संकल्प संख्या–3 के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में सीटों की संख्या बढ़ाने के संदर्भ में उ0प्र0 शासन में एक बैठक प्रस्तावित है, जिसके उपरांत सीटों की बढ़ोतरी पर कार्यवाही की जाये।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या 63.4ः सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में नवनिर्मित केन्द्रीय पुस्तकालय भवन पर सोलर फोटो वोल्टाईक की स्थापना हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रावधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 58/2025/3625600/ कृशिअ–67–1099/28/2025 दिनांक 01 दिसम्बर, 2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–2026 में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में नवनिर्मित केन्द्रीय पुस्तकालय भवन पर सोलर फोटो वोल्टाईक की स्थापना हेतु रू0 150.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है।



वित्त नियंत्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

उपर्युक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या–19 पर इंगित किया गया है कि "धनराशि कोषागार से आहरित करके मा0 प्रबन्ध परिषद के पूर्वानुमोदन से व्यय की जायेगी तथा किसी भी मद में स्वीकृत धनराशि का व्यावर्तन नही किया जायेगा/किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नही किया जायेगा।"

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक/प्रभारी अधिकारी, विद्युत)**

**प्रस्ताव संख्या 63.5: सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, बदायूं–2 (दातागंज) में बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 7/2026/ 1446/कृशिअ–67–1013(099)/1/2024, सी0नं0 1872427 दिनांक 02 फरवरी, 2026 के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, बदायूं–2 (दातागंज) में बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य हेतु प्रावधानित धनराशि रू0 437.77 लाख में से वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए रू0 250.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

उपर्युक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या–24 पर इंगित किया गया है कि "धनराशि कोषागार से आहरित करके मा0 प्रबन्ध परिषद के पूर्वानुमोदन से व्यय की जायेगी तथा किसी



वित्त नियंत्रक/सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मे.0

भी मद में स्वीकृत धनराशि का व्यावर्तन नही किया जायेगा/किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नही किया जायेगा।"

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत्ति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक/निदेशक प्रसार/प्रभारी अधिकारी, निर्माण)**

**प्रस्ताव संख्या 63.6: सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में 100 कक्ष क्षमता (200 सीटेड) 01 महिला छात्रावास के निर्माण कार्य की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 22/2026/33/कृशिअ –67– 1002 (002)/3/2025, सी0नं0 2009468 दिनांक 05 मार्च, 2026 के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में 100 कक्ष क्षमता (200 सीटेड) 01 महिला छात्रावास के निर्माण कार्य हेतु प्रावधानित धनराशि रू0 2323.56 लाख में से वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए रू0 800.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

उपर्युक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या–27 पर इंगित किया गया है कि "धनराशि कोषागार से आहरित करके मा0 प्रबन्ध परिषद के पूर्वानुमोदन से व्यय की जायेगी तथा किसी भी मद में स्वीकृत धनराशि का व्यावर्तन नही किया जायेगा/किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नही किया जायेगा।"



वित्त नियंत्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाही: वित्त नियन्त्रक/निदेशक प्रसार/प्रभारी अधिकारी, निर्माण)

**प्रस्ताव संख्या 63.7: विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 23वीं बैठक दिनांक 27.03.2026 में लिये गये निर्णयों के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 23वीं बैठक दिनांक 27.03.2026 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाही: वित्त नियन्त्रक)

**प्रस्ताव संख्या: 63.8:–** **विश्वविद्यालय परिसर में पूर्व में निर्मित टाईप–द्वितीय के 114 आवासों को छात्रों को रहने के दृष्टिगत हॉस्टल के रूप में परिवर्तित कर विकसित किये जाने हेतु सम्बन्धित आवासों में मरम्मत एवं अनुरक्षण तथा रंगरोगन का कार्य उ0प्र0 शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था से कराये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय परिसर में पूर्व में निर्मित टाईप–द्वितीय के 114 आवासों को छात्रों को रहने के दृष्टिगत हॉस्टल के रूप में परिवर्तित कर विकसित किये जाने हेतु सम्बन्धित आवासों में मरम्मत एवं अनुरक्षण तथा रंगरोगन का कार्य उ0प्र0 शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था से कराये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव पर मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता छात्र कल्याण/प्र0अ0 मरम्मत एवं अनुरक्षण/वित्त नियन्त्रक)



वित्त नियंत्रक/सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

**प्रस्ताव संख्या 63.9: सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के अन्तर्गत संचालित पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय की प्रयोगशाला के सुदृढ़ीकरण हेतु उपकरणों के क्रय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 33/2026/567/कृशिअ– 67–1002(003)/6/2025, दिनांक 14 मार्च, 2026 के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के अन्तर्गत संचालित पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय की प्रयोगशाला के सुदृढ़ीकरण हेतु उपकरणों के क्रय हेतु प्रावधानित धनराशि रू0 148.00 लाख में से वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए रू0 100.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

उपर्युक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या–15 पर इंगित किया गया है कि ''धनराशि कोषागार से आहरित करके मा0 प्रबन्ध परिषद के पूर्वानुमोदन से व्यय की जायेगी तथा किसी भी मद में स्वीकृत धनराशि का व्यावर्तन नही किया जायेगा/किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नही किया जायेगा।''

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

इस मद में उ0प्र0 शासन द्वारा आवंटित बजट के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा उ0प्र0 शासन से स्वीकृति हेतु धनराशि की औचित्यपूर्ण मांग/प्रस्ताव आगामी वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्रारम्भ में ही कर ली जाये।

**(कार्यवाही: वित्त नियन्त्रक/समस्त अधिष्ठाता/निदेशक शोध)**



वित्त नियंत्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एव प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

**प्रस्ताव संख्या 63.10: विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 97वीं बैठक दिनांक 26.03.2026 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 97वीं बैठक दिनांक 26.03.2026 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाही: वित्त नियन्त्रक)**

**उपरोक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त मा0 सदस्यों द्वारा निम्नवत अभिमत व्यक्त किये गये:—**

1. श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में College of Environment Science को संचालित करने के प्रयास किये जाये।

**(कार्यवाही: कुलसचिव)**

2. श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में विज्ञापित किये जा रहे शैक्षिक स्तर के विभिन्न पदों के साथ—साथ विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के गैर—शैक्षणिक पदों पर भी नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ की जाये।

**(कार्यवाही: निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण/कुलसचिव)**

3. श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ को NAAC में A+ के स्थान पर A++ प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। साथ ही विश्वविद्यालय को NIRF/वैश्विक रैकिंग प्राप्त करने हेतु भी आवश्यक लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए।

**(कार्यवाही: कुलसचिव/निदेशक—आई0क्यू0ए0सी0/एन0आई0आर0एफ)**



वित्त नियंत्रक/सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद    कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

4. अपर निदेशक, पशुपालन, मेरठ मण्डल, मेरठ द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि विश्वविद्यालय में पशुचिकित्सा एवं पशुचिकित्सा महाविद्यालय एवं पॉलीक्लीनिक संचालित है एवं इनके पशु विज्ञान के सभी विषयों के विशेषज्ञ कार्यरत है, जिससे क्षेत्र के पशुपालकों को निम्नवत सुविधायें उपलब्ध करायी जा सकती है:–

(i). Breeding Centre की स्थापना।

(ii). Breeding Farm की स्थापना।

(iii). Tally Veterinary की स्थापना।

(iv). Teaching Faculty द्वारा एक–एक गांव को गोद लिया जाये।

इस सम्बन्ध में मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुचिकित्सा महाविद्यालय में Tally Veterinary की उपलब्ध करायी जा रही है, जिसमें मोबाईल पर पशुपालकों की समस्याओं का निदान किया जाता है। साथ ही महाविद्यालय में वेटरनरी मोबाईल वैन के माध्यम से क्षेत्र में किसानों के घर–घर पहुंचकर समस्याओं का निदान किया जा रहा है।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय)

5. प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ को शोध कार्यक्रमों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में आवंटित धनराशि के उपभोग न होने की स्थिति में उक्त धनराशि की मांग वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्रारम्भ में ही औचित्यपूर्ण प्रस्ताव प्रेषित करते हुए कर ली जाये।

(कार्यवाही: निदेशक शोध)



वित्त नियंत्रक / सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

वित्त नियन्त्रक द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

(पंकज कुमार चतुर्वेदी)
वित्त नियंत्रक / सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद
वित्त नियंत्रक / सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

अनुमोदित

(डा0 त्रिवेणी दत्त)
कुलपति / अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद
कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एव
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ